महत्वपूर्ण एवं खास

एटीएम का क्लोन बनाकर खाते से 1लाख 15 हजार रुपये निकाले जाने की रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर रेलवे विभाग में तैनात चपरासी के खाते से 1लाख 15 हजार रुपये एटीएम क्लोन बनाकर किसी ने निकाले लिया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार राममंदिर विजयनगर खमतराई रायपुर निवासी श्रीनू चिपरु आयु 34 वर्ष पिता सीएच रामारांव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 27 मई 2019 को गनपत चौक हीरापुर से एटीएम क्लोन बनाकर 5 बार में खाता से 1लाख 15 हजार रुपये निकाल लिया। प्रार्थी का मोबाईल का डिसप्ले खराब होने के चलते उसे खाते पैसा निकाले जाने पर मैसेज नही देख पाया जब वह बैंक जाकर अपना पासबुक रिडिंग करवाया तब उसे खाते से रुपये निकाले जाने की जानकारी मिली। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया है।

सहकारी बैंक में गैस कटर से लॉकर काटकर डकैती डालने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा.कुसमुंडा थाना अंतर्गत हरदीबाजार क्षेत्र में स्थित सहकारी बैंक में गैस कटर से लॉकर काटकर डकैती डालने वाले गिरोह का एक आरोपी सागर टाँके पिता अरूण टाँके उम्र.26 निवासी.पिंपल खुटाए थाना.सिरखेड़ाए जला अमरावती महाराष्ट्र फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार पतासाजी कर रही थी। एसपी जितेंद्र सिंह मीणा के निर्देशन व एएसपी जयप्रकाश बढ़ई व सीएसपी पुष्पेंद्र सिंघ बघेल के मार्गदर्शन व कुसमुंडा थाना प्रभारी विजय चेलक के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाकर फरार आरोपी की पतासाजी व गिरफ्तारी के लिए रवाना किया गया था। टीम ने महाराष्ट्र में संभावित स्थानों पर पतासाजी करते हुए फरार आरोपी सागर टाँके को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के विरुद्ध क्रमांक 92-2018, धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज किया गया है गौरतलब है कि एक साल पहले अप्रैल 2018 में 18 लाख की डकैती हुई थी

पैसेंजर ट्रेनें आज से 11 दिनों के लिए रद्द

महासमुंद (आरएनएस)। डेढ़-दो माह के बाद रेलवे ने पुश-पुल समेत 4 पैसेंजरों को लगभग 11 दिन के लिए आज से रद्द कर दी है। ये ट्रेन आगामी 2-3 जुलाई से नियमित चलेगी। बहरहाल, पैसेंजरों को रद्द करने से लोकल स्टेशन के यात्रियों की तकलीफें बढ़ जाएगी। जानकारी के अनुसार आज से जूनागढ़-रायपुर पुश-पुल अप एंड डाउन के अलावा रायपुर से विशाखापट्टनम व विशाखापट्टनम से रायपुर पैसेंजर तथा विशाखापट्टनम से दुर्ग व दुर्ग से विशाखापट्टनम पैसेंजर को 2 जुलाई तक के लिए रेलवे ने रद्द कर दी है जबकि विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर को आज से ही रद्द किया गया है। रेलवे अधिकारियों-कर्मचारियों के अनुसार खरियाररोड से कांटाभांजी के मध्य दोहरी लाइन का कार्य प्रारंभ होने से पैसेंजरों का संचालन स्थगित किया गया है। यह भी बताया गया है कि इन दस दिनों में रेलवे का कार्य दोहरीकरण हेतु युद्धस्तर पर चलेगा। कांटाभांजी से इधर के 2-3 रेलवे स्टेशनों में दोहरीकरण का कार्य पूर्ण कर डबल लाइन प्रारंभ करने विभाग प्रयासरत है। पैसेंजरों का संचालन स्थगित किए जाने से सर्वाधिक परेशानी लोकल स्टेशनों में मुख्य रूप से मंदिर हसौद, लखौली, आरंग, बेलसोंडा, अरंड, भीमखोज, कोमाखान, नुआपड़ारोड, लखना, हरिशंकर रोड, तुरेकेला रोड के यात्रियों, दैनिक यात्रियों की परेशानी बढ़ेगी।

आलमारी में रखे सोने का 2 नग फुल्ली व 50 हजार नगदी पार,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। घर का दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने की 2 फुल्ली व 50 हजार रुपये नगदी चोरी किये जाने की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अटल आवास आमानाका रायपुर निवासी श्रीमती संगीता 50 वर्ष पति राजेश नेताम ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अचानक जेठ का तबियत खराब हो जाने के चलते परिवार सहित उड़ीसा जाना पड़ा। जाते समय टाटाएस गाड़ी का किस्त पटाने के लिये आलमारी में 50 हजार रुपये व 2नग सोने की फुल्ली कीमत 2 हजार रुपये रखा था किसी ने घर का दरवाजा खोलकर कमरे में प्रवेश कर आलमारी में रखे रुपये व सोने की फुल्ली चोरी कर लिया है। प्रार्थिया ने आशंका जाहिर की है कि संजय चौहान व उसकी पत्नी का घर आना-जाना था उसी ने आलमारी से रुपये व सोने की फुल्ली चोरी कर लिया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला को पुलिस ने जांच में लिया है।

नक्सलियों के मंसूबो पर फिरा पानी : आकाशीय बिजली की चपेट में आये आईडी, हुआ ब्लास्ट, कोई हताहत नही

बलरामपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के बलरामपुर जिले में एक बार फिर माओवादियों अपनी मौजूदगी दिखाई है। दरअसल तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से सड़कों पर बिछाई गई आईईडी सीरीज एक साथ ब्लास्ट हो गया। बताया जा रहा है 56 आईईडी एक साथ ब्लास्ट हुआ है। ये आईईडी की सिरीज चुनाव के दौरान फोर्स को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाई गई है। हालांकि किसी के कोई जनहानि की खबर नहीं है।

जिले के सामरी क्षेत्र के घोर माओवादी प्रभावित क्षेत्र के पुंदाग में ये घटना हुई है। माओवादियों ने चुनाव के दौरान फोर्स को निशाना बनाने के उद्देश्य से आईईडी की सीरिज बिछाई गई थी। आज शाम को बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली के कारण सड़क पर बिछाए गए सभी 56 आईईडी ब्लास्ट हो गए। हालांकि घटना में किसी को

बलरामपुर जिले के सामरी इलाके की घटना

जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन माओवादियों ने आईईडी बिछाकर बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रखी थी। घटना के बाद सामरी पुलिस के साथ सामरी, सबाग और बंदरचुआ में तैनात सीआरपीएफके जवान अलर्ट हो गए हैं। ज्ञात हो कि इससे पहले भी चुनचुना पुदांग क्षेत्र जो कि अति संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है वहां नक्सली गतिविधियां पहले भी सक्रिय रही हैं। इस इलाके में निर्माण कार्य में लगे वाहनों व मशीनों को आग के हवाले तो किया ही गया है साथ ही इंजीनियर व मुंशी का भी अपहरण किया गया था। कई बार जवानों के लिए जंगल व इससे गुजरने वाले रास्तों पर इनके द्वारा आईईडी बिछाई जा चुकी है। हालांकि वे इसमें कामयाब नहीं हो पाए है ।

आकाशीय बिजली का जिसने पहली बार कुछ अच्छा कर दिखाया है। आकाशीय बिजली के गिरने से 56 आईईडी ब्लास्ट हो गए जिससे माओवादियों के मंसूबे फेल हो गए हैं।

विशाल पेड़ गिरने के कारण कई घंटो तक नेशनल हाईवे पर वाहनों का लगा जाम

गरियाबंद (आरएनएस)। जिले के रायपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी में जुगाड़ व तोरेंगा के बीच बड़े पेड़ गिरने से सुबह 6 बजे से सड़क जाम है. सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है. रायपुर के लिए आने जाने वाले 10 से भी ज्यादा यात्री बसें रूकने से 250 से ज्यादा यात्री सड़क जाम में फंसे हुए हैं। मामले की सूचना मिलने पर जुगाड़ पुलिस, सीजी पुलिस बल और सीआरपीएफकी सयुक्त टीम के साथ वन विभाग के कर्मचारी रास्ता बहाल करने में जुटे हुए है. पेड़ हटाने फोकलेंन मशीन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है. लोग आरी से पेड़ काटने में लगे हुए है, जिससे रास्ते से पेड़ को हटाया जा सके और वाहनों का आवागमन शुरु हो सके. सड़क जाम होने से वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है.

नक्सली हमले में एक जवान शहीद

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज दोपहर नक्सलियों ने सहायक आरक्षक चैतूराम की भीड़-भाड़ भरे साप्ताहिक बाजार में धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आज मिरतूर का साप्ताहिक बाजार है और वहां पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी थी। सहायक आरक्षक चैतूराम सहकर्मियों को छोड़कर रोजमर्रा के जरूरत का राशन लेने अकेले

भरे बाजार में हत्या कर भाग गए नक्सली

ही निकल गया। ग्रामीणों की वेशभूषा में बाजार में घात लगाए नक्सलियों ने उसे अकेला पाकर, उस पर हमला कर दिया। चाकू एवं कुल्हाड़ी के ताबड़तोड़ वार से चैतूराम घटनास्थल पर ही शहीद हो गया। हमले के बाद नक्सली जंगल में भाग खड़े हुए।

हमले की भनक लगते बाजार में अफरा-तफरी मच गयी और देखते ही देखते बाजार खाली हो गया। हमले के पीछे

नक्सलियों की स्माल एक्सन टीम का हाथ बताया जा रहा है।

अनियंत्रित होकर बस पलटी,10 घायल 2 गंभीर

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर से बलौदाबाजार जा रही बस खरोरा से 4 किलोमीटर दूर आईटीबीपी स्कूल के पास अनियंत्रित होकर पलट जाने के चलते बस सवार में करीब 10 लोग घायल हो गये है जिन्हें उपचार के लिये नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है वही दो लोगों को रायपुर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शिवानी रोडवेज की बस रायपुर से बलौदा बाजार जाते समय 25से 26 सवारी लेकर जा रही थी तभी तेज गति के चलते अनियंत्रित होकर खरोरा से 4 किलोमीटर दूर आईटीवीपी स्कूल के पास पलट जाने से उस में बैठे 10 लोग घायल हो गये है वही 2 लोगों को गंभीर चोट आई हैं।

मुख्यमंत्री से प्रदेश के विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास परिसर में प्रदेश के विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के सदस्य और छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के महासचिव गुरु चरण सिंह होरा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष पद स्वीकार करने का आग्रह किया और इस सम्बन्ध में प्रस्ताव रखा , जिस पर सभी खेल संघों के पदाधिकारियों ने अपनी सहमति प्रकट की।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री के साथ विचार-विमर्श किया और खेल संघों की विभिन्न मांगों के सम्बन्ध में उन्हें ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने आगामी राष्ट्रीय खेलों के आयोजन और राजधानी में साउथ एशियन अंतरराष्ट्रीय फेंसिंग तलवारबाजी प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों पर भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल के

ज्ञापन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान डॉ ए फरिश्ता , ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद सहित सर्वगजराज पगारिया, अरुण सिंघानिया, बशीर अहमद खान, आरिफ शेख ,गोपाल खंडेलवाल, सहीराम जाखड़ , मोहम्मद अकरम खान, डॉ विष्णु श्रीवास्तव, डॉ आलोक दुबे, अभिजीत मिश्रा ,शरद शुक्ला, कमलजीत अरोरा, गोविंद मुदलियार, अशोक चौधरी, विनय ,राजीव जैन , जी पी तिवारी ,समीर खान ,डॉ जी डी गांधी ,एसआर सोनी ,अब्दुल रहीम, संतोष देवांगन, आरके श्रीवास्तव, विजय अग्रवाल, अयाज अहमद खान , अखिल धगत, संजय मिश्र, फ़िरोज़ अंसारी और राजेश जंघेल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरी तरह हुआ सक्रिय

» नया सिस्टम बनते ही शुरू होगी बारिश

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में आने वाले चौबीस घंटों के दौरान एक-दो स्थानों पर भारी बारिश अथवा तेज हवा के साथ जोरदार बौछारें पड़ सकती हैं। इसके अलावा कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट के अनुसार कल बना कम दबाव का क्षेत्र जो कि उत्तरी

छत्तीसगढ़ तक बना हुआ था आज कमजोर होकर समाप्त हो गया है। इसके अलावा एक द्रोणिका जो कि पश्चिमी राजस्थान से लेकर उत्तरी बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई थी। यह द्रोणिका आज ऊपरी हवा में 0.9 किमी की ऊंचाई पर मध्यप्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, ओडिशा के ऊपर से खाड़ी तक जा रहा है।

तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से बाईक सवार युवक की मौत,मर्ग कायम

रायपुर (आरएनएस)। बाईक सवार युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया था जिसके चलते वह गंभीर रुप से घायल हो गया। इलाज के लिये उसे मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो जाने पर ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मोंगरापाली थाना तेंदुकोना महासमुंद निवासी राजेश कुमार देवांगन आयु 23 वर्ष पिता नंदलाल देवांगन को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एलजेड 4402 से आते समय मंदिर हसौद में आरआईटी कालेज के सामने तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04जे डी 4857 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर युवक को जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते वह गंभीर रुप से घायल हो जाने से इलाज के लिये मेकाहारा में भर्ती कराया गया था जहा उसकी मौत हो गई।

शराब कोचियों की शराब छोड़ने के लिए दो आरक्षको ने मागे लाखो रुपये, निलंबित

भिलाई (आरएनएस)। शराब कोचियों से शराब छोड़ने के नाम पर पुलिस आरक्षकों द्वारा पैसे की डिमांड करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल टीम के आरक्षकों द्वारा जगदीश नामक लड़के से 40 पेटी शराब छोड़ने के नाम पर 2 लाख रूपए की डिमांड की गई। जिस पर जगदीश द्वारा तत्काल 1 लाख 65 हजार रूपए लिये गये और शेष 35 हजार रूपए 5 दिनों में लेने की बात हुई।

मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक धुवनारायण चंद्राकर (1422) एवं आरक्षक अजय सिंह (1423) शनिवार को दोपहर 12 बजे कृष्णा ग्रांड सीटी में रूम रीगल 3 में पहुंचे। यहां जगदीश नाम का एक लड़का रहता है जिसके अपार्टमेंट के नीचे खड़ी टाटा सफारी स्ट्रोम वाहन में 40 पेटी शराब लोड था। इस दौरान दोनों आरक्षकों ने 40 पेटी भरी गाड़ी को पकड़ा और गाड़ी का चावी निकाल के थानेजाने की बात कही। दोनों

आरक्षक खुद को एसपी स्कार्ट का बताकर जगदीश के रूम में बैठ गए। इसके बाद आरक्षकों ने 40 पेटी दारू छोड़ने का सौदा कर बताया कि वे एसपी नहीं सीएसपी स्कार्ट से हैं। यह सौदा 5 लाख से शुरू हुआ और 2 लाख रूपए में तय हुआ। जिसमें 4 घंटे में जगदीश ने बहुत मुश्किल से 1 लाख 65 हजार रूपए की व्यवस्था की। इस दौरान दोनों आरक्षक उसका इंतजार करते रहे। इसके बाद आरक्षकों ने शेष 35 हजार रूपए 5 दिन के अंदर लाने की बात कहकर वहां से चले गए।

एसपी ने किया निलम्बित

ईधर इस मामले की जानकारी जैसे ही एसपी को मिली आनन फानन में दोनों ही आरक्षणक धुव नारायण चन्द्राकर एवं आरक्षक अजय सिंह को शराब कोचिये से सांठगाठ एवं अवैध वसूली कर बिना कार्यवाही के छोड़ने की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

बिजनेसमैन का किरदार निभायेंगे सलमान खान

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म इंशाल्लाह में बिजनेसमैन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सलमान खान , संजय लीला भंसाली के साथ लंबे समय के बाद काम करने जा रहे हैं। सलमान ने भंसाली के साथ हम दिल दे चुके सनम में काम किया था। इस फिल्म में अजय देवगन और ऐश्वर्या राय भी नज़र आए थे। सलमान और भंसाली की नई फिल्म का नाम इंशाल्लाह है। इस फिल्म में वे पहली बार आलिया भट्ट के साथ काम करने जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि सलमान इस फिल्म में 40 साल के अमेरिकी बिजनेसमैन का रोल निभा सकते हैं वही आलिया 20-22 साल की लड़की का किरदार निभाएंगी जो एक्ट्रेस बनना चाहती है। सलमान और आलिया स्टारर इस फिल्म की कहानी सलमान की ही फिल्म जब प्यार किसी से होता है की कहानी से मिलती जुलती हो सकती है।

कहा जा रहा है कि सलमान इस फिल्म में 40 साल के बेपरवाह इंसान के रोल में होंगे जिसके लिए ज़िंदगी का मतलब पार्टी करना और मजे करना होगा लेकिन उनके पिता सलमान के सामने ऑफर रखते हैं कि उसे अपनी लाइफस्टायल सुधारनी होगी और शादी कर घर बसाना होगा।इसी दौरान आलिया की फिल्म में एंट्री होगी। सलमान आलिया को अपने पिता के सामने नाटक करने के लिए कहेंगे लेकिन वे असलियत में एक दूसरे को दिल दे बैठेंगे। माना जा रहा है कि इस फिल्म का दूसरा हाफ सलमान की ही फिल्म जानम समझा करो से मिलता जुलता हो सकता है।

साहो में पुलिस अफसर के रोल में दिखेंगी श्रद्धा कपूर

हाल ही में फिल्म साहो का टीजर रिलीज किया गया, जिसमें प्रभास और श्रद्धा कपूर की ऐक्टिंग और दमदार ऐक्शन की भी तारीफ की गई। कुछ दिनों पहले फिल्म से श्रद्धा का एक पोस्टर भी जारी किया गया, जिसमें वह ऐक्शन मोड में पिस्टल पकड़े नजर आ रही हैं। श्रद्धा के इस अवतार को फैंस ने पसंद किया। साथ ही उनके मन में श्रद्धा के किरदार के बारे में जानने की उत्सुकता भी बढ़ गई।

हाल ही में श्रद्धा ने साहो में अपने पुलिस अफसर के रोल के बारे में बात की और कहा, मैं पहली बार एक पुलिस अफसर का रोल करने जा रही हूं और मैं काफी एक्साइटेड हूं। यह रोल निभाना मेरे लिए गर्व की बात है क्योंकि पुलिस हमारे देश के लिए इतना कुछ करती है। मुझे खुशी है कि मैं उन्हें रेप्रिजेंट कर रही हूं।

साहो को भारत की सबसे बड़ी ऐक्शन थ्रिलर कहा जा रहा, जिसमें प्रभास दमदार ऐक्शन हीरो के रोल में दिखेंगे। .ह फिल्म इस साल 15 अगस्त को रिलीज होगी। बात करें श्रद्धा की, तो यह साल करियर के हिसाब से श्रद्धा के लिए दमदार होने वाला है। साहो के अलावा श्रद्धा छिछोरे, स्ट्रीट डांसर और बागी 3 में नजर आएंगी।

बच्चा पहली बार जा रहा है स्कूल तो जरूर सिखाएं ये बातें

कहते ही बच्चे की पढ़ाई-लिखाई घर से ही शुरू होती है। बच्चे जो देखते हैं, वही करते हैं। इसलिए जरूरी है कि बच्चे को न सिर्फ अच्छी आदतें सिखाएं बल्कि समय-समय पर उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। एक बच्चे का दिमाग खाली किताब की तरह होता है। इसलिए जो भी उसे सिखाएं बेहद समझदारी, प्यार और धीरज के साथ सिखाएं। बच्चा अगर स्कूल जाना शुरू कर रहा है, तो ऐसे में यह और भी जरूरी हो जाता है।

कुछ बातें हैं जो बच्चों को स्कूल भेजने से पहले सिखाने की जरूरत है:

1-बच्चे को साफ-सफाई का महत्व समझाएं, खासकर पर्सनल हाईजीन। उसे बताएं कि स्कूल में जब भी उसे टॉयलट आए या फिर शौच के लिए जाना हो तो वह टीचर या साथ के किसी बच्चे को बताए। इसके अलावा उसे खुद भी शौच के बाद साफ-सफाई करना आना चाहिए। उसे बताएं कि साफ-सफाई न रहने की वजह से कैसे इंफेक्शन फैल सकता है। एक बार ये सभी बातें बच्चों की आदत में शुमार हो गईं तो वह कभी नहीं भूलेंगे।

2- बच्चे को बताएं कि वह किसी के साथ भी लड़ाई-झगड़ा या अभद्र व्यवहार न करे। अगर कोई बच्चा उसे परेशान कर रहा हो तो वह टीचर के अलावा पैरंट्स को भी बताए। सभी के साथ प्यार से पेश आए।

3- इन बातों के अलावा पढ़ाई-लिखाई संबंधी कुछ बेसिक चीजें हैं जो आपको बच्चे को सिखानी चाहिए। जैसे कि उसे ऐल्फ़ाबेट लिखना सिखाएं, गिनतियां सिखाएं और कुछ आसान सी कविताएं भी उसे सिखा सकते हैं। इससे बच्चा स्कूल में जाने पर एकदम से ब्लैंक नहीं होगा।